MSW-007
MSW-008
MSW-009
MSW-017
MSWE-001
MSWE-002
MSWE-003
MSWE-007
MSW-010

# समाज कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम.एस.डब्ल्यू. द्वितीय वर्ष)

# सत्रीय कार्य : 2024–2025

पाठ्यक्रम शीर्षक

| | | |
|---|---|---|
| एम.एस.डब्ल्यू–007 | : | वैयक्तिक कार्य एवं परामर्श: व्यक्तियों के साथ कार्य करना |
| एम.एस.डब्ल्यू–008 | : | सामाजिक समूह कार्य : समूहों के साथ कार्य करना |
| एम.एस.डब्ल्यू–009 | : | सामुदायिक विकास के लिए समुदाय संगठन प्रबंधन |
| एम.एस.डब्ल्यू.–017 | : | समाज कार्य के समकालीन तरीके और मूल्य |
| एम.एस.डब्ल्यू.ई.–001 | : | एचआईवी/एड्स : कलंक, भेदभाव और रोकथाम |
| एम.एस.डब्ल्यू.ई.–002 | : | महिला और बाल विकास |
| एम.एस.डब्ल्यू.ई.–003 | : | आपदा प्रबंधन |
| एम.एस.डब्ल्यू.ई.–07 | : | अंतर्राष्ट्रीय समाज कार्य |
| एम.एस.डब्ल्यू.–10 | : | परोपकारी समाज कार्य का परिचय |

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीख:
जुलाई, 2024 सत्र – मार्च 31, 2025
जनवरी, 2025 सत्र – सितम्बर 30, 2025

नोट : कृपया उन पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य लिखें जिन्हें आपने चुना है।


इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के एम.एस.डब्ल्यू. (द्वितीय वर्ष)कार्यक्रम में आपका स्वागत है। आपने समाज कार्य में स्नातकोत्तर होने के लिए यह कार्यक्रम एक उद्देश्य के साथ चुना है ताकि आप मानवजाति की सामाजिक दशाएं सुधार सकें। एम.एस.डब्ल्यू. कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के एम.एस.डब्ल्यू. अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षण के लिए अध्ययन केंद्र में अपने क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक से मिलें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30% भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए।** सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी, शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करें, जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करें और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए एक परिचय, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो, यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

**डॉ. सौम्या**
(कार्यक्रम समन्वयक)

# वैयक्तिक कार्य एवं परामर्शः व्यक्तियों के साथ कार्य करना
## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : एम.एस.डब्ल्यू.–007**
**कुल अंक–100**

**नोट :** i) सभी **पांचों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
ii) सभी **पांचों** प्रश्नों के अंक समान हैं।
iii) प्रश्न सं. **1** और **2** के उत्तर, प्रत्येक के **600** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।

1) भारतीय संदर्भ में उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से वैयक्तिक कार्य अभ्यास के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा करें। 20

अथवा

मैरी रिचमंड (1917) द्वारा प्रतिपादित सामाजिक वैयक्तिक कार्य अभ्यास के चरणों पर चर्चा करें। 20

2) वैयक्तिक कार्य अभ्यास के घटकों को विस्तार से समझाएँ। साथ ही, भारत में वैयक्तिक कार्य अभ्यास के संदर्भ में घटकों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालें। 20

अथवा

भारत में समाज कार्य पेशे में परामर्श के दायरे का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें। 20

3) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर (**300** शब्दों में) दीजिएः

क) भारत में वैयक्तिक कार्य अभ्यास के दायरे पर प्रकाश डालें। 10

ख) वैयक्तिक कार्य में रिश्तों के महत्व पर चर्चा करें। 10

ग) वैयक्तिक कार्यकर्ता क्लाइंट संबंधों के सिद्धांतों का मूल्यांकन करें। 10

घ) सामाजिक वैयक्तिक कार्य में एक उपकरण के रूप में गृह भ्रमण के पीछे अंतर्निहित दर्शन पर चर्चा करें। 10

4) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर (**150** शब्दों में) दीजिएः

क) व्यक्तित्व को प्रभावित करने वाले कारकों की गणना करें। 5

ख) एक सामाजिक कार्यकर्ता के लिए नियंत्रित भावनात्मक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालें। 5

ग) साक्षात्कार के दौरान वैयक्तिक कार्यकर्ता द्वारा उपयोग किए जाने वाले कौशलों की संक्षेप में व्याख्या करें। 5

घ) संज्ञानात्मक–व्यवहार तकनीक के संदर्भ में लेन–देन विश्लेषण का अर्थ और सार स्पष्ट करें। 5

ङ) सामाजिक वैयक्तिक कार्य में नैतिक दुविधा से आप क्या समझते हैं? उदाहरण दें। 5

च) सामाजिक वैयक्तिक कार्य अभ्यास में गोपनीयता के सिद्धांतों की सीमाओं पर चर्चा करें। 5

5) निम्नलिखित में से किन्हीं **पांच** पर संक्षिप्त टिप्पणियां (**100** शब्दों में) लिखिएः

क) आत्म–साक्षात्कार 4
ख) स्थानांतरण 4
ग) आत्म–निर्धारण का सिद्धांत 4
घ) शिष्टाचार निदान 4
ङ) चिकित्सीय साक्षात्कार 4
च) क्लासिकल कंडीशनिंग 4
छ) विरेचन 4
ज) कार्यकारी (ऑपरेटिव) कंडीशनिंग 4